उत्तर प्रदेश में खुदाई के कार्य पर रोक

917. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर की गई खुदाई में पुरातत्व विभाग को प्राचीन मूर्तियां तथा ऐतिहासिक महत्व की पुराकालीन वस्तुयें मिली हैं ;

(ख) क्या पुरातत्व विभाग ने खुदाई कार्य रोक दिया है जबकि उन स्थानों पर अनधिकृत रूप से खुदाई का काम होता रहा है ;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या सरकार उन स्थानों पर खुदाई का काम पुनः शुरू करने तथा अनधिकृत खुदाई को रोकने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शलजा) : (क) और (ख) पिछले दो वर्षों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा कुरमंड, बेटनधार और लाडयुरा (जिला अल्मोड़ा) स्थित महापाषाणकालीन स्थलों, सारनाह वाराह (जिला आगरा) स्थित आद्य एवं-पूर्व ऐतिहासिक स्थल तथा बानार सिहान कलां (जिला महाराजगंज) और श्रावस्ती (जिला बहराइच), उत्तर प्रदेश स्थित बौद्ध स्थलों पर छोटे पैमाने पर उत्खनन कार्य किया गया है, जिसके परिणाम-स्वरूप विभिन्न कालों के प्राचीन मिट्टी के बर्तनों, अवशेषों और पुरा-वस्तुओं का पता लगाया जा सका है। ये सब उत्खनन कार्य विधिवत अधिकृत थे। प्रतिवर्ष उत्खनन कार्य के कार्यक्रमों को अंतिम रूप पुरातत्व के केन्द्रीय सलाहकार मंडल की स्थायी समिति द्वारा दिया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) कुछ स्थलों पर उत्खनन कार्य का पुनरारम्भ उल्लिखित सक्षम प्राधिकरण और अन्य प्रतिनिधियों का स्वीकृति पर निर्भर करता है।

Payment of regular dues to Delhi University teachers

918. PROF. SAURIN BHATTACHARYA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the teachers of college under the Delhi University are not being given the additional D.A. and annual increments;

(b) if so, whether the denial of these regular dues is likely to lead to the complete denial of the teachers' dues; and

(c) whether this is a step towards reverting to dependence on high tution fees, imposing awesome burden on students and guardians?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE): (KUMARI SELJA): (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

आठवीं पंजवर्षीय योजना के अन्त तक साक्षरता

919. **श्री राम नरेश यादव** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आठवीं योजना के अन्त तक कितने राज्यों में साक्षरता का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिये जाने की संभावना है ; और

(ख) उक्त प्रयोजन के लिये राज्य-वार कितनी धनराशि व्यय किये जाने की संभावना है तथा इसमें केन्द्रीय सरकार का कितना अंशदान होगा ?